कार्यालय आदेश संख्या 2026–27/113

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY

Accredited with A++ Grade by NAAC

एकलव्य परिसर/EKALAVYA CAMPUS

सिपाई पारा, लेम्बुचेरा,पश्चिम त्रिपुरा, त्रिपुरा

SIPAI PARA, LEMBUCHERRA, WEST TRIPURA, TRIPURA

दिनांक/Dated: 08 जुलाई 2026

-:कार्यालय आदेश/Office Order:-

कार्यालय आदेश संख्या 221/2026 दिनांक 20.01.2026 के माध्यम से समस्त संकाय सदस्यों एवं गैर–शैक्षणिक कर्मचारियों/अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से Casual Leave (CL), Earned Leave (EL), Medical Leave अथवा अन्य किसी भी प्रकार के अवकाश हेतु आवेदन करने के उपरांत, उक्त अवकाश आवेदन की प्रति/सूचना परिसर निदेशक को ई–मेल(director-agartala@sanskrit.ac.in) पर अनिवार्य रूप से देना सुनिश्चित करें।

किन्तु यह देखा गया है कि उक्त कार्यालय आदेश जारी किए जाने के उपरान्त भी कुछ कर्मचारियों द्वारा उक्त निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। फलस्वरूप अभिलेख संधारण (Record Keeping) अवकाश अभिलेखों के सत्यापन तथा कार्यालयीय कार्यों के सुचारु संचालन में अनावश्यक कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं।

अतः सभी संबंधित संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि Samarth Portal पर अवकाश आवेदन करने के उपरान्त ई–मेल के माध्यम से तत्काल अथवा अधिकतम अगले दिवस तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में कार्यालय अर्जित अवकाश/वेतन की कटौती सम्बन्धित कार्यवाही करने के लिए बाध्य हो जायेगा।

प्राध्यापकों से यह भी अनुरोध है कि वे अपना अवकाश सम्बन्धित आवेदन विद्याशाखाध्यक्ष/समन्वयक के अनुमोदनोपरान्त प्रस्तुत करें।

08/07/2026

[प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी/Prof. Gurucharan Singh Negi]

निदेशक/Director

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. समस्त शैक्षणिक सदस्य एवं गैर–शैक्षणिक कर्मचारियों/अधिकारियों, के.सं.वि. एकलव्य परिसर।
2. तकनीकी सहायक, परिसरीय वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ।
3. सम्बन्धित संचिका।